

टेस्ट कप्तान विराट नहीं खेलेंगे वनडे सीरीज

सूत्रों के मुताबिक विराट कोहली ने ने बीसीसीआई को पहले ही बता दिया था कि वह जनवरी के शुरुआती हफ्तों में छुट्टी पर रहेंगे, क्योंकि उस दौरान उनकी बेटी वामिका का पहला जन्मदिन होगा। दिलचस्प है कि वामिका का बर्थडे 11 जनवरी को आता है, जिस दिन तीसरे और आखिरी टेस्ट मैच की शुरुआत होगी, इसमें कोहली खेलेंगे। विराट ने पारिवारिक मजबूरियों के चलते वनडे सीरीज में शामिल होने पर असमर्थता जाहिर की है। मांसपेशियों की चोट से उबरने में सामान्यतः चार हफ्ते का समय लगता है जिससे रोहित शर्मा टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं।

## विराट कोहली के छुट्टी पर जाने के तरीके से अजहरुद्दीन भी हैं हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया को इस महीने साउथ अफ्रीका का अहम दौरा करना है। तीन मैच की टेस्ट सीरीज के बाद वनडे श्रृंखला खेली जाएगी। हाल ही में शॉर्ट फॉर्मेट की कप्तानी से हटाए गए विराट कोहली ने वनडे सीरीज खेलने से इनकार कर दिया है। सूत्रों की माने तो टेस्ट सीरीज के बाद कोहली अपनी बेटी का पहला जन्मदिन मनाने छुट्टी पर चले जाएंगे। अब पूरे मामले को विराट बनाम रोहित की तरह देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि दोनों खिलाड़ी एक दूसरे की कप्तानी में नहीं खेलना चाहते। पूरे मामले पर पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने अपनी राय रखी है। अजहर ने ट्वीट किया, विराट कोहली ने बता दिया था कि वह वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं है और रोहित शर्मा टेस्ट सीरीज के लिए अनुपलब्ध हैं। ब्रेक लेने में कोई हर्ज नहीं है, लेकिन टाइमिंग बेहतर होनी चाहिए। यह सिर्फ टीम के बीच दरार की अटकलों की पुष्टि करता है। न ही क्रिकेट को कहीं से फायदा पहुंचाएगा। गौरतलब है कि कोहली और अनुष्का शर्मा की बेटी वामिका 11 जनवरी 2022 को एक साल की हो जाएगी।

# कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलेंगे या नहीं

क्रिकेट

### दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे के एकदिवसीय चरण से ब्रेक का कोई औपचारिक नहीं किया आग्रह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि टेस्ट कप्तान विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे के एकदिवसीय चरण से ब्रेक का कोई औपचारिक आग्रह नहीं किया है। कोहली सेंचुरियन में 26 दिसंबर से शुरू हो रही तीन टेस्ट की सीरीज में भारत की अगुआई करेंगे। टेस्ट सीरीज केपटाउन में 15 जनवरी को तीसरे और अंतिम टेस्ट के साथ खत्म होगी। इसके बाद 19 जनवरी से तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

उप कप्तान रोहित शर्मा के बायें पैर की मांसपेशियों की चोट उभरने के कारण टेस्ट सीरीज से बाहर होने के बाद इस तरह की खबरें आ रही थी कि कोहली अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए ब्रेक लेंगे। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ



अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, स्कोहली ने एकदिवसीय मैचों में नहीं खेलने को लेकर अब तक बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली या सचिव जय शाह को कोई औपचारिक आग्रह नहीं भेजा है। अगर बाद में कोई फैसला किया जाता है या भगवान ना करे वह चोटिल हो जाते हैं तो फिर अलग बात है। आज की स्थिति के अनुसार वह 19, 21 और 23 जनवरी को होने वाले तीन वनडे मैचों में वह खेलेंगे। अधिकारी ने कहा कि जैविक रूप से सुरक्षित माहौल से जुड़ी पाबंदियों के कारण खिलाड़ियों के परिवार भी उसी चार्टर्ड विमान से यात्रा करेंगे जिसमें खिलाड़ी और अधिकारी यात्रा करेंगे।

सूत्र ने कहा, कप्तान अपने परिवार के साथ यात्रा करेंगे। लेकिन हां, अगर टेस्ट सीरीज के बाद वह जैविक रूप से सुरक्षित माहौल की थकान महसूस करता हैं और ब्रेक चाहते हैं तो वह निश्चित तौर पर चयन समिति के अध्यक्ष और सचिव (शाह) को सूचित करेंगे जो चयन समिति के समंवयक हैं।

मौजूदा अटकलों का एक कारण यह भी है कि भारत को स्वदेश लौटने पर एक बार फिर तीन हफ्तों के लिए जैविक रूप से सुरक्षित माहौल का हिस्सा बनना होगा क्योंकि श्रीलंका की टीम टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलने आ रही है। इस तरह की भी खबरें हैं कि कोहली अपनी बेटी वामिका के पहले जन्मदिन (11 जनवरी) के कारण भी ब्रेक ले सकते हैं। कोहली उस दिन अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे होंगे। कोहली जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में काम के बोझ के प्रबंधन की वकालत करते रहे हैं और उनका मानना है कि लंबे समय तक इसका हिस्सा रहना व्यावहारिक नहीं है क्योंकि इसका मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।


# टीम होटल नहीं पहुंचे विराट कोहली बाकी सभी खिलाड़ी हो गए क्वारंटीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका के दौरे के लिए रवाना होने के लिए सिर्फ कुछ ही दिन बचे हैं और इसी दौरान टीम इंडिया से अच्छी खबरें नहीं आ रही हैं। टीम के सीनियर बल्लेबाज और सीमित ओवरों के कप्तान रोहित शर्मा के चोटिल होने के बाद चर्चा में टेस्ट टीम के कप्तान विराट कोहली हैं जो मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सोमवार शाम तक मुंबई में टीम होटल नहीं पहुंचे। साउथ अफ्रीका रवानगी से पहले सभी खिलाड़ियों के लिए मुंबई में तीन दिन के लिए क्वॉरंटीन होना अनिवार्य रखा गया है।

**बाकी सभी हो गए क्वारंटीन**

श्रेयस अय्यर, जयंत यादव सहित



कुछ अन्य खिलाड़ी भी होटल पहुंचकर क्वॉरंटीन हो गए। अन्य खिलाड़ी रविवार को ही मुंबई पहुंच गए थे और एक छोटे से ट्रेनिंग कैंप में भाग भी लिया था। उम्मीद की जा रही थी कि टेस्ट कप्तान विराट कोहली रविवार को ही टीम के साथ जुड़ेंगे लेकिन वह सोमवार को भी होटल नहीं पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने हालांकि दावा किया कि विराट मंगलवार को टीम होटल पहुंच जाएंगे। अधिकारी ने कहा, 'विराट को सारी जानकारी दी गई है। लेकिन वह टीम कैंप में नहीं जुड़े। वह सोमवार टीम होटल पहुंचकर क्वारंटीन होने वाले थे, लेकिन उन्होंने बताया कि कुछ निजी वजहों से वह टीम के साथ आज जुड़ पाएंगे।'

**गुरुवार को है रवानगीः** टीम को 16 दिसंबर को साउथ अफ्रीका के लिए रवाना होना है और उससे पहले तीन दिन का क्वारंटीन समय पहले से तय था। बताया जा रहा है कि वनडे कप्तानी से हटाए जाने के बाद विराट थोड़े निराश हैं और पिछले कुछ समय से बीसीसीआई के अधिकारियों के फोन कॉल भी नहीं उठा रहे। इससे पहले विराट के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा ने भी बताया था कि विराट का फोन कुछ दिनों स्विच ऑफ था।

## टी20 क्रिकेट में पाकिस्तान की टीम ने बनाया नया विश्व रिकार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का पहला मुकाबला खेला गया। इस मैच को पाकिस्तान की टीम ने 63 रन के बड़े अंतर से जीता और इसी जीत के कारण पाकिस्तान की टीम ने पुरुष टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक विश्व रिकार्ड बना दिया है। पाकिस्तान की टीम एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने वाली टीम बन गई है। दरअसल, पाकिस्तान की टीम ने साल 2021 में 18वां टी20 इंटरनेशनल मैच जीता है और एक पुरुष टीम द्वारा एक कैलेंडर ईयर में जीते गए सबसे ज्यादा मुकाबले हैं। इस मामले में पाकिस्तान की टीम ने अपना ही रिकार्ड तोड़ा है। पाकिस्तान की टीम ने इससे पहले साल 2018 में 17 मुकाबले जीते थे। वहीं, पाकिस्तान के बाद अब तीसरे नंबर पर युगांडा की टीम है, जिसने 16 मुकाबले टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक साल में जीते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें, इन आंकड़ों में टी20 वर्ल्ड कप 2021 के मुकाबले भी शामिल हैं।

## न्यूज डायरी



### रितुराज गायकवाड़ के बल्ले का कोहराम जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के बल्लेबाज ने अपने टीम के बल्लेबाजों के होश उड़ा रखे हैं। ये बात आपकी अटपटी लग रही होगी, लेकिन ये सच है। हम बात कर रहे हैं ओपनर रितुराज गायकवाड़ की जो एक के बाद एक लगातार बड़ी–बड़ी पारियां खेलकर अपनी ही टीम के बल्लेबाजों की नाक में दम किए हुए हैं और ये बल्लेबाज हैं शिखर धवन, पृथ्वी शा, मयंक अग्रवाल और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ी, जो वनडे क्रिकेट में डेब्यू कर चुके हैं। दरअसल, रितुराज गायकवाड़ ने विजय हजारे ट्राफी में पांच मैचों में चौथा शतक जड़ा है और वे अब तक 500 से ज्यादा रन बना चुके हैं। चंडीगढ़ के खिलाफ कप्तान रितुराज गायकवाड़ ने इस सीजन की इस एकदिवसीय टूर्नामेंट का चौथा शतक महज 95 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्कों की मदद से पूरा किया। इससे पहले वे उत्तराखंड के खिलाफ 21 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए थे, लेकिन उससे पहले तीन लगातार शतक उन्होंने जड़े थे।

### रवि शास्त्री ने वर्ल्ड कप 2019 के चयन पर दिया था बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के पूर्व चयनकर्ता सरनदीप सिंह ने 2019 एकदिवसीय विश्व कप में टीम चयन के बारे में रवि शास्त्री की हालिया टिप्पणियों पर अपने विचार साझा किए। रवि शास्त्री का भारत के मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल टी20 विश्व कप 2021 के बाद समाप्त हो गया। उन्होंने अपने एक बयान में कहा कि अंबाती रायुडू के सलेक्शन नहीं किए जाने पर उनका कोई फैसला नहीं था और न ही तीन विकेटकीपरों का एकसाथ रखना उनके कहने पर हुआ। सरनदीप, जो भारत के 2019 एकदिवसीय विश्व कप टीम का चयन करने वाले एमएसके प्रसाद की अध्यक्षता वाली चयन समिति का हिस्सा थे, इस बात से सहमत थे कि चयन में कोच का वास्तव में कोई अधिकार नहीं था, लेकिन समिति हमेशा कप्तान और कोच के साथ एक ही मत पर थी। वर्ल्ड कप 2019 में भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन में एक साथ तीन विकेटकीपर बल्लेबाज खेले थे, जिसमें एमएस धौनी, रिषभ पंत और दिनेश कार्तिक थे।

### इस खिलाड़ी को फिर जाना होगा साउथ अफ्रीका, हुआ है सरप्राइज सलेक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सलामी बल्लेबाज प्रियांक पांचाल कई सालों से एक मौके का इंतजार कर रहे थे। सीनियर ओपनर रोहित शर्मा के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर होने के बाद आखिरकार उन्हें भारतीय टीम में जगह मिल गई। साउथ अफ्रीका के दौरे से पहले टीम के नेट सत्र के दौरान रोहित की बायीं हैमस्ट्रिंग की चोट फिर से उभर आई, जिससे प्रियांक पांचाल को टेस्ट टीम में मौका मिल गया। 24 शतक सहित 7000 से ज्यादा रन 100 फर्स्ट क्लास मैचों में बनाने वाले 31 वर्षीय पांचाल शीर्ष पर मयंक अग्रवाल और केएल राहुल के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। हालांकि, इस बात से उनको निराशा मिल सकती है कि शीर्ष पर केएल राहुल और मयंक अग्रवाल हैं। अगर सबकुछ ठीक रहता है तो ये दोनों खिलाड़ी ओपनिंग करते नजर आएंगे और ऐसे में साउथ अफ्रीका के खिलाफ उनको पदार्पण भी करने का मौका ना मिले।

### अफगानिस्तान के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी टीम इंडिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अगले साल अफगानिस्तान की टीम भारत के दौरे पर आएगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच एक छोटी से सीरीज खेली जाएगी। माना जा रहा है कि अगले साल मार्च में भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने सोमवार को इस बात की घोषणा की कि अफगान टीम मार्च में भारत का दौरा करेगी और सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगी। भविष्य दौरे कार्यक्रम के तहत अफगानिस्तान को 2022–23 में 11 वनडे इंटरनेशनल, चार टी20 इंटरनेशनल और दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगा।